# नक्सल प्रभावित बस्तर और आदिवासी बहुल सरगुजा के 221 सड़कों का हुआ संधारण एवं नवीनीकरण

- प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना: सड़कों के संधारण और नवीनीकरण में छत्तीसगढ़ रहा अग्रणी
- प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीटर पर बधाई देते हुए की राज्य के सडक़ों की प्रशंसा

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना की उपलब्धियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी ने ट्वीट कर प्रशंसा की है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना अंतर्गत अब तक 16,297 किमी सडक़ों का निर्माण हो चुका है। प्रदेश में अब तक 2589 सडक़ें और 357 पुलों का निर्माण हुआ है। योजना में 9602 करोड़ रूपए के बजट का प्रावधान है, जिसमें से अब तक 8736 करोड़ रूपए का व्यय किया जा चुका है। राज्य को प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना - 3 के तहत प्रथम स्वीकृति प्राप्त हुई, जिसे पूर्ण करने में छत्तीसगढ़ अग्रणी रहा। मुख्यमंत्री ने अपने प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान भी आमजनों से सीधा संवाद किया। आमजनों से हुई चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री को ग्रामीण अंचल की सडक़ों से जुड़ी प्रतिक्रियाएं मिली। इन प्रतिक्रियाओं के आधार पर उन्होंने अधिकारियों को सडक़ों के रखरखाव और मरम्मत का कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसकी सतत समीक्षा भी की गई। परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के अंतर्गत गांव तक आवागमन के लिए सडक़ें बेहतर हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य शासन से इस योजना के अंतर्गत निर्मित सडक़ों के संधारण के लिए सर्वाधिक 700 करोड़ रूपए का बजट मिला। वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 6000 किलोमीटर सडक़ों के नवीनीकरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5436 किलोमीटर के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिली 271 करोड़ की प्रोत्साहन राशि-** वर्ष 2019-20 और 2020-21 में राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर केंद्र से वित्तीय प्रोत्साहन राशि के रूप में 271 करोड़ रूपए भी प्राप्त हआ है। प्रदेश के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में भी प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के तहत निर्मित सडक़ों के संधारण और नवीनीकरण कार्य में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बस्तर की 231 किलोमीटर की 75 सडक़ों का 37 करोड़ रूपए की लागत से संधारण किया गया है। इसी तरह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा संभाग की 146 सडक़ें, जिनकी लंबाई 560 किलोमीटर है, उनका संधारण 90 करोड़ रूपए की लागत से किया गया। अति नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिला अंतर्गत पूर्व में कोई भी नवीनीकरण के कार्य नहीं हुए थे, वहां भी सडक़ निर्माण के बाद पहली बार 10.50 किलोमीटर लंबी 4 सडक़ों के नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवीनकरण कार्य के लिए 2915 किलोमीटर लम्बी 782 सडक़ों के संधारण के लिए 779 करोड़ रूपए की राशि प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना अंतर्गत निर्मित सडक़ों में नवीनीकरण कार्य के लिए नियमित रूप से राज्य शासन द्वारा बजट उपलब्ध कराये जाने के फलस्वरूप नवीनीकरण कार्य में देश में अग्रणी स्थान पर है।

प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना अंतर्गत निर्मित सडक़ों का संधारण और रखरखाव का दायित्व राज्य सरकार का रहता है। भारत सरकार द्वारा इसके लिए कोई भी राशि नहीं दी जाती है। इस संबंध में भारत सरकार को भी केन्द्रांश दिये जाने का अनुरोध किया जाता रहा है। प्रदेश में योजना के प्रारंभ से अब तक कुल 8193 सडक़ें लंबाई 40,234 किलोमीटर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इन निर्मित सडक़ों से 10,590 पात्र बसाहटें लाभान्वित हो चुकी है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना द्वारा निर्मित सडक़ें ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आवागमन का एक मात्र बारहमासी मार्ग होता है। ग्रामीणों के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना की सडक़ें जीवन रेखा के समान है।

प्रदेश में निर्मित सडक़ों में से 3664 सडक़ें लंबाई 17,577 किमी पांच वर्ष नियमित संधारण के अंतर्गत हैं, शेष सडक़ों के निर्माण की पांच वर्ष की अवधि पूर्ण हो जाने के बाद नवीनीकरण की स्थिति में हैं। अब तक कुल 5609 सडक़ें जिनकी लंबाई 22,700 किलोमीटर का नवीनीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नक्सलियों ने बारूदी विस्फोट से छोटे पाईप पुलिया को उड़ाया आवागमन हुआ बंद

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीजापुर-गंगालूर मार्ग पर ग्राम किकलेर के पास नक्सलियों ने बारूदी विस्फोट कर छोटे पाईप पुलिया को उड़ा दिया है। इस विस्फोट की वारदात के दौरान वहां कोई भी मौजूद नही था, जिससे किसी भी प्रकार का किसी को भी नुकसान नही हुआ है, विस्फोट इतना जोरदार था कि दूर तक धमाके की आवाज सुनी गई, वहीं लगभग 06 फिट के गहरे गढ्ढे को देखकर विस्फोट का अनुमान लगाया जा सकता है। विस्फोट के बाद बीजापुर-गंगालूर मार्ग पर आवागमन बंद हो गया है। किसी के वहां पर नही होने के बावजूद इतने बड़े धमाके को मौसम की खराबी से आकाशिय बिजली के प्रभाव से नक्सलियों द्वारा लगाये गये पुराने बारूद में स्वत: ही विस्फोट होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. नक्सली बारूदी विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया कि नक्सलियों द्वारा लगाए गए पुराने बारूद में विस्फोट हुआ है, उस दौरान वहां कोई भी मौजूद नही था, जिससे किसी को क्षति नहीं हुई है।

### 5 किलोग्राम के टिफिन बम के साथ 2 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना मिरतुर से डीआरजी और सीएएफ की संयुक्त पार्टी शुक्रवार 31 मार्च को अभियान पर हुर्रेपाल की ओर निकली हुई थी। इसी के दौरान हुर्रेपाल पटेलपारा मकरग पर टेकरी के पास नक्सली संगठन में आइईडी टीम के दो नक्सलियों कोरसा मंगलू पिता रघु कोरसा निवासी हपकापारा एटेपाल थाना मिरतुर, वहीं दूसरा देवी मुचाकी पिता कोसा निवासी पटेलपारा हुर्रेपाल थाना मिरतुर को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 05 किलोग्राम का टिफिन बम, डेटोनेटर, इलेक्ट्रीक तार, बैटरी एवं स्विच बरामद किया गया। गिरफ्तार दोनों नक्सली संगठन में आइईडी टीम के सदस्य इसके पूर्व 27 मार्च 2023 को एटेपाल कैम्प के समीप टेकरी में हुए आइईडी विस्फोट की वारदात में शामिल थे, जिसमे एक एपीसी शहीद हो गए थे। घटना में शामिल दो अन्य लोगो के नाम भी इनके द्वारा बताया गया है, जिनकी तलाश जारी है। उपरोक्त दोनों के खिलाफ मिरतुर थाना में वैधानिक कार्यवाही के बाद रिमांड पर न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया।

### नक्सलियों ने जिओ कंपनी के कंट्रोल यूनिट को किया आग के हवाले

**कोंडागांव (आरएनएस)।** बस्तर संभाग में इन दिनों नक्सलियों का उत्पात लगातार जारी है। कोंडागांव जिले में नक्सली कई दिनों से शांत रहने के बाद जिले के बयानार थाना क्षेत्र के अंदरूनी गांव चेरंग में जिओ कंपनी के मोबाइल टॉवर के कंट्रोल यूनिट को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। इस वारदात के बाद चेरंग बयानार समेत आस-पास के इलाके में मोबाइल नेटवर्क ठप हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात बयानार थाना क्षेत्र के चेरंग गांव में नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि लगभग एक दर्जन के करीब नक्सली चेरंग गांव पहुंचे और वहां जिओ कंपनी के मोबाइल टॉवर के कंट्रोल यूनिट में आग लगा दी, आग सुबह तक जलती रही।

### गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा ने की खुदकुशी

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी स्थित कन्या छात्रावास में एक छात्रा ने खुदकुशी कर ली है। छात्रा की लाश उसके कमरे में मिली है। जानकारी मिलते ही छात्रावास में हडक़ंप मच गया। घटना शुक्रवार सुबह 11 बजे की है। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है तथा मृतका के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। इस मामले में छात्रावास प्रबंधक ने बताया मृतका बी कॉम की छात्रा थी। छात्रा ने खुदकुशी क्यों की इसका पता नही चल पाया किंतु बताया जा रहा है कि मामला प्रेम प्रसंग का है। फिलहाल कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## तीन वर्षो से अधिक समय से अनुपस्थित 11 चिकित्सा अधिकारियों की सेवा समाप्त

- दो चिकित्सा अधिकारियों को 15 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने का आखिरी अवसर

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा तीन वर्षो से अधिक समय से अनुपस्थित 11 चिकित्सा अधिकारियों की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की गई है। वहीं दो चिकित्सा अधिकारियों को 15 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने का आखिरी अवसर प्रदान किया गया है। संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कुल 24 चिकित्सा अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित किए जाने के प्रस्ताव पर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पांच चिकित्सा अधिकारियों की अनुपस्थिति अवधि को अकार्य दिवस (डायजनान) घोषित किया गया था एवं छह चिकित्सा अधिकारियों की सेवा समाप्ति कर उनकी अनुपस्थिति अवधि को मूलभूत नियम 17 'ए' एवं पेंशन नियम 1976 के नियम 27 के तहत निराकरण करते हुए पृथक विभागीय आदेश विगत 7 फरवरी को विभाग द्वारा जारी किया गया है।

शेष 13 चिकित्सा अधिकारियों को विभाग द्वारा अनुपस्थित होने के कारणों को स्पष्ट करने हेतु युक्तियुक्त अवसर देते हुए 1 दिसम्बर 2022 को प्रकरण की सुनवाई नियत की गई थी। पर इन 13 चिकित्सा अधिकारियों में से कोई भी सुनवाई में उपस्थित नहीं हुआ और न ही उनके द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया। इन चिकित्सा अधिकारियों में से 11 चिकित्सा अधिकारी तीन वर्ष से अधिक समय से और दो चिकित्सा अधिकारी तीन वर्ष से कम समय से अनुपस्थित हैं। राज्य शासन द्वारा 11 अनुपस्थित चिकित्सा अधिकारियों के विरुद्ध तीन वर्ष से अधिक समय से अनुपस्थित होने के कारण सेवा समाप्त किए जाने तथा तीन वर्ष से कम की अनुपस्थिति वालों पर विभागीय जांच संस्थित किए जाने तथा परिविक्षाधीन होने पर अवधि बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया है।

जिन 11 चिकित्सा अधिकारियों की सेवा समाप्त की गई है उनमें डॉ. सुमीत सोलंकी, चिकित्सा अधिकारी, दस बिस्तर अस्पताल, नवा रायपुर, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय कबीरधाम, डॉ. रिद्धी अरोरा, चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय दुर्ग, डॉ. सुरेंद्र कुमार सिस्टू, चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय दुर्ग, डॉ. छवि जांगड़े, चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय बेमेतरा, डॉ. पारुल जोगी, चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मस्तूरी, डॉ. तान्या मिश्रा, चिकित्सा अधिकारी, 50 बिस्तर, एमसीएच, डॉ. शारदा परिहार, चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय मुंगेली, डॉ. शबा परवीन, चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय सूरजपुर, डॉ. धनंजय प्रसाद साहू, चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत और डॉ. कमल कुमार डहिरे, चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसाबहार शामिल हैं। इन सभी की सेवा समाप्त करते हुए उनकी अनुपस्थिति दिनांक से आदेश जारी करने के दिनांक तक की अवधि को अकार्य दिवस घोषित कर सिविल सेवा पेंशन नियम 1976 के नियम 27 सहपठित मूलभूत नियम 17 ए के अधीन सभी उद्देश्यों के लिए सेवा से व्यवधान माना जाए, जो सेवा के किसी भी प्रयोजन हेतु मान्य नहीं होगा।

## मामूली विवाद पर महिला को मारा चाकू, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में गुरूवार को फिर चाकूबाजी की घटना सामने आई है। शहर के आजाद चौक थाना क्षेत्र के शिवनगर में मामूली विवाद पर एक युवक ने महिला के सीने में चाकू से जानलेवा हमला कर फरार हो गया। हालांकि बाद में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार शिवनगर की रहने वाली मालाबाई बरवे गुरुवार शाम 7.30 बजे घर के सामने अपने बेटे पंकज के साथ बैठी थी, तभी पड़ोस में रहने वाला देवा निषाद वहां आया और उनके बीच हुए पुराने विवाद को लेकर दोनों मां-बेटे के साथ गालीगलौज करने लगा। इस दौरान जब दोनों ने उसे ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने अपने पास रखे चाकू से महिला के सीने में वार कर दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हंगामा सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हुए तो आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। इसके बाद आनन-फानन में महिला को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की शिकायत पर आजाद चौक थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा मामले की जांच जारी है।

## खड़े ट्रक से जा टकराई कार, 5 घायल



**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले के पोड़ी.उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत बंजारी मड़ई के पास एक कार चालक को झपकी आने से उसकी गाड़ी खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को 108 की टीम ने प्राथमिक उपचार देते हुए समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार तिवरता निवासी पुनी राम उम्र 56 वर्ष अपने परिवारजनों चंद्रकांत 42 वर्ष, हीरा प्रजापति 42 वर्ष, मोनिका 25 वर्ष और रश्मि प्रजापति 17 वर्ष के साथ प्रेमनगर जा रहा था। रास्ते में कार चला रहे पुन्नी राम को बंजारी मड़ई के पास झपकी आ गई और गाड़ी सडक़ किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में कार के बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के साथ ही कार में सवार लोगों को भी गंभीर चोट आई हैं। हादसे में पुन्नीए हीरा प्रजापति और चन्द्रकान्त के सिर पर चोट आई है, वहीं मोनिका के रीढ़ की हड्डी और रश्मि के चेहरे पर चोट आई है। सूचना मिलने पर 108 के पायलट लल्लन राजवाड़े और जगरनाथ साहू तुरन्त घटना स्थल पहुँचे। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जगरनाथ ने ईआरसीपी के माध्यम से डॉ. वजस से संपर्क साधा और उनकी सलाह अनुसार इलाज करते हुए सीएचसी पोड़ी.उपरोड़ा लेकर आए। यहां से डॉक्टरों द्वारा बेहतर उपचार हेतु उन्हें सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया गया।

## मुख्यमंत्री ने लॉन्च किया राज्य का पहला छत्तीसगढ़ी डिजिटल रेडियो स्टेशन रेडियो संगवारी : छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति का होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

- हमर भाखा हमर गीत पर आधारित है 'रेडियो संगवारी'

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का पहला डिजिटल रेडियो स्टेशन 'रेडियो संगवारी' को लॉन्च किया। उन्होंने इस मौके पर रेडियो संगवारी के संस्थापक तथा संचालक सहित पूरी टीम को छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को व्यापक प्रचार-प्रसार की दिशा में एक बेहतर प्रयास बताते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि रेडियो संगवारी के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोक कला, लोक संस्कृति और गीत-संगीत को आम लोगों तक डिजिटल रेडिया स्टेशन के माध्यम से पहुंचाने के लिए रेडियो संगवारी की स्थापना की गई है, मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई। मुझे बताया गया है कि छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को एप के माध्यम से पूरी दुनिया के लोगों तक पहुंचाया जाएगा, निश्चित रूप से यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की लुप्त हो रही सांस्कृतिक विधाओं और कला परंपराओं को नया जीवन देने के लिए यह प्लेटफार्म एक ताकतवर माध्यम हो सकता है। नये कलाकारों की प्रतिभाओं को भी इसके माध्यम से आसानी से दुनिया के सामने लाया जा सकता है। रेडियो की श्रोताओं की आज भी कमी नहीं है। अपने नवाचारों और अपनी नयी सोच के कारण बहुत से रेडियो स्टेशन आज भी बहुत ही लोकप्रिय है, मुझे उम्मीद है कि रेडियो संगवारी द्वारा शुरू किया जा रहा डिजिटल रेडियो स्टेशन भी ऐसा ही लोकप्रिय माध्यम बनेगा।

इस अवसर पर रेडियो संगवारी के संस्थापक राहुल शर्मा तथा सह-संस्थापक डॉ. हेमंत सिरमौर ने बताया कि रेडियो संगवारी को टू-जी इंटरनेट स्पीड पर भी आराम से सुना जा सकता है। कार्यक्रम में प्रोग्राम संचालक मनीष बघेल ने बताया कि गूगल प्ले स्टोर में रेडियो संगवारी लिखकर इसे डाउनलोड किया जा सकता है। इस अवसर पर सुश्री आर.जे. श्रेया, जगमीत सिंह, अनुज शर्मा तथा रेडियो संगवारी के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर सिन्हा ने जिला कार्यालय के दो कर्मचारियों को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर दी भावभीनी विदाई

- सेवानिवृत्ति उपरांत दोनों कर्मचारियों के स्वीकृत देय स्वत्वों को भी किया प्रदान



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज शाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ में पदस्थ राम अवतार यादव एवं किरीत राम राठिया को उनके अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर उन्होंने दोनों कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने दोनों कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति उपरांत स्वीकृत देय स्वत्वों को भी प्रदान किया।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शासकीय नौकरी में सभी को एक दिन सेवानिवृत्त होना ही होता है, किसी का पहले तो किसी का बाद में रिटायरमेंट होगा। आज की नई पीढ़ी को अपनी पुरानी पीढ़ी से मार्गदर्शन लेना चाहिए, क्योंकि उनका अनुभव और व्यवहार आपके लिए मार्गदर्शक साबित होगा। कलेक्टर सिन्हा ने पूर्व में रायगढ़ जिला में पदस्थ अनुभव को साझा करते हुए कहा कि रायगढ़ जिला प्रशिक्षण के लिहाज से हमेशा बेहतर रहा है, यहां उन्होंने दोनों कर्मचारियों को अपने कार्यकाल में देखा एवं वर्तमान में एक सहयोगी के रूप में उनका व्यवहार काफी बेहतर रहा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एक परिवार है, आपको किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का सहानुभूति पूर्वक उनका पेंशन एवं अन्य प्रकरणों को निपटारा समय पर करना आवश्यक है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, संयुक्त कलेक्टर भरत राम ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर सहित जिला कलेक्टोरेट के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## रिहायशी स्थान से शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र का होगा विस्थापन, बनेगा शासकीय आवास

- कलेक्टर सिन्हा ने कुक्कुट पालन केंद्र के लिए उपयुक्त जगह चिन्हांकन कर आबंटित करने के दिए निर्देश
- कर्मचारी आवास हेतु जगह चिन्हांकन करने पहुंचे कलेक्टर सिन्हा



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा केलो विहार स्थित शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र पहुंचे। रिहायसी इलाके में कुक्कुट पालन केंद्र होने से आसपास के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय में शासकीय आवास की समस्या को देखते हुए पुराने क्षतिग्रस्त भवनों एवं कार्यालयों का चिन्हांकन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें शासकीय आवास निर्माण हेतु उपयुक्त पाया गया। कलेक्टर सिन्हा ने उक्त भूमि को रिडेव्हलपमेंट योजना के तहत शासकीय आवास निर्माण हेतु गृह निर्माण मंडल को निर्देशित किया। वही शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र हेतु उपयुक्त जगह चिन्हांकित कर आबंटित करने के निर्देश राजस्व विभाग को दिए।

ईई हाऊसिंग बोर्ड एस.के.शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय भवनों विभागों के जर्जर, क्षतिग्रस्त भवनों के स्थान पर नवीन भवनों के निर्माण हेतु रिडेव्हलपमेंट योजना का अनुमोदन किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को नोडल एजेंसी बनाया गया है। कलेक्टर सिन्हा द्वारा जिले के पुराने, क्षतिग्रस्त भवनों एवं कार्यालयों का चिन्हांकन किया जा रहा है। शासकीय कुक्कुट पालन केंद्र के लगभग 5 एकड़ भूमि को रिडेव्हलपमेंट योजना हेतु उपयुक्त पाया गया है। जहां के आवासीय भवनों, मुर्गी पालन शेड एवं जर्जर कार्यालय भवन को हटाकर वहां पर शासन के रिडेव्हलपमेंट योजना के क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सिन्हा द्वारा रायगढ़ में विभिन्न स्थानों पर इस योजना हेतु भवनों का चिन्हांकन कर सरकारी आवास गृह का निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिससे मुख्यालय के कर्मचारियों को सर्व सुविधायुक्त नए भवनों का आवंटन किया जा सके।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, ईई हाऊसिंग बोर्ड एस.के.शर्मा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।